विषय कोड : 
Subject Code : **326**

903-
प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Serial No.

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2024

# इन्टरमीडिएट परीक्षा - 2024

**( ANNUAL / वार्षिक )**

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet Set Code

**G**

# ECONOMICS (ELECTIVE)

# अर्थशास्त्र (ऐच्छिक)

**I. A.**

कुल प्रश्न : 100 + 30 + 8 = 138
**Total Questions : 100 + 30 + 8 = 138**

कुल मुद्रित पृष्ठ : 32
**Total Printed Pages : 32**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

(पूर्णांक : 100)
[ Full Marks : 100 ]

***परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :***

1. ***परीक्षार्थी OMR उत्तर-पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक ( 10 अंकों का) अवश्य लिखें।***
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*

***Instructions for the candidates :***

1. ***Candidate must enter his / her Question Booklet Serial No. (10 Digits) in the OMR Answer Sheet.***
2. *Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*
3. *Figures in the right hand margin indicate full marks.*
4. *15 minutes of extra time have been allotted for the candidates to read the questions carefully.*



BiharboardQuestionpaper.com

5. यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है— <u>**खण्ड-अ**</u> एवं <u>**खण्ड-ब**</u>।

5. *This question booklet is divided into two sections — <u>**Section-A**</u> and <u>**Section-B**</u>.*

6. **खण्ड-अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं,** जिनमें से **किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।** 50 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 50 का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक के लिए **1 अंक** निर्धारित है। इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गए **OMR** उत्तर-पत्रक में दिए गए सही विकल्प को **नीले / काले बॉल पेन** से प्रगाढ़ करें। **किसी भी प्रकार के व्हाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।**

6. ***In Section-A, there are 100 objective type questions**, out of which **any 50 questions are to be answered**. If more than 50 questions are answered, then only first 50 will be evaluated. Each question carries **1 mark**. For answering these darken the circle with **blue / black ball pen** against the correct option on **OMR** Answer Sheet provided to you. **Do not use whitener / liquid / blade / nail etc. on OMR Answer Sheet, otherwise the result will be treated invalid.***

7. **खण्ड - ब में 30 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं।** प्रत्येक के लिए **2 अंक** निर्धारित है, जिनमें से **किन्हीं 15 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।** इनके अतिरिक्त इस खण्ड में **8 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं,** प्रत्येक के लिए **5 अंक** निर्धारित है, जिनमें से **किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।**

7. *In **Section - B**, there are **30 short answer type questions**, each carrying **2 marks**, out of which **any 15 questions are to be answered.** Apart from these, there are **8 long answer type questions**, each carrying **5 marks**, out of which **any 4 questions are to be answered.***

8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

8. *Use of any electronic appliances is strictly prohibited.*



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड - अ / SECTION - A

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न / Objective Type Questions

*प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें। किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर दें।* **50 × 1 = 50**

*Question Nos. 1 to 100 have four options, out of which only one is correct. You have to mark your selected option, on the OMR-Sheet. Answer any 50 questions.* 50 × 1 = 50

Biharboard Questionpaper.com

1. कई अनधिमान वक्र के समूह को क्या कहते हैं ?

(A) अनधिमान बंडल (B) अनधिमान मानचित्र

(C) अनधिमान रेखाचित्र (D) इनमें से कोई नहीं

What is a group of many indifference curves called ?

(A) Indifference bundle (B) Indifference map

(C) Indifference diagram (D) None of these

2. दो वस्तुओं के ऐसे संयोगों का ग्राफीय निरूपण जो कि उपभोक्ता को समान संतुष्टि प्रदान करते हैं, क्या कहलाती है ?

(A) अनधिमान वक्र (B) समान तुष्टिगुण वक्र

(C) बजट रेखा (D) (A) और (B) दोनों

The graphical representation of combination of two goods which provide equal satisfaction to consumer is called

(A) Indifference curve (B) Iso-utility curve

(C) Budget line (D) Both (A) and (B)

3. अनधिमान वक्र की सीमांत प्रतिस्थापना दर क्या होती है ?

(A) वर्धमान (B) ह्रासमान

(C) स्थिर (D) इनमें से कोई नहीं

What is the marginal rate of substitution of indifference curve ?

(A) Increasing (B) Decreasing

(C) Constant (D) None of these



BiharboardQuestionpaper.com

4. उपभोक्ता के इष्टतम बिन्दु पर बजट रेखा अनधिमान वक्र को क्या करती है ?

(A) काटती है (B) स्पर्श करती है

(C) दो बार काटती है (D) इनमें से कोई नहीं

At the optimum point of consumer, what does the budget line do to indifference curve ?

(A) Cuts (B) Touches

(C) Cuts two times (D) None of these

5. माँग वक्र की ढाल क्या होती है ?

(A) धनात्मक (B) ऋणात्मक

(C) उर्ध्वाधर (D) इनमें से कोई नहीं

What is the slope of demand curve ?

(A) Positive (B) Negative

(C) Vertical (D) None of these

6. सामान्य वस्तु की माँग आय में वृद्धि के साथ क्या होगी ?

(A) बढ़ेगी (B) घटेगी

(C) स्थिर रहेगी (D) इनमें से सभी

What would happen to demand for normal goods with rise in income ?

(A) Increase (B) Decrease

(C) Remain constant (D) All of these

7. बाजार माँग वक्र अलग-अलग व्यक्तियों के माँग वक्र का क्या होता है ?

(A) योग (B) समस्तरीय संकलन

(C) अंतर (D) (A) और (B) दोनों

What is the market demand curve of demand curves of different individuals ?

(A) Sum (B) Horizontal summation

(C) Difference (D) Both (A) and (B)

8. यदि वस्तु की माँग वक्र उर्ध्वाधर है तो माँग की लोच $|e_d|$ क्या होगी ?

(A) $|e_d| = 1$ (B) $|e_d| = 0$

(C) $|e_d| = \infty$ (D) $|e_d| < 1$



BiharboardQuestionpaper.com

If the demand curve for a good is vertical then what would be the elasticity of demanded ?

(A) $|e_d| = 1$ (B) $|e_d| = 0$

(C) $|e_d| = \infty$ (D) $|e_d| < 1$

9. एक रैखिक माँग वक्र जिस बिन्दु पर $x$-अक्ष को काटता है वहाँ माँग की लोच का मान क्या होता है ?

(A) $|e_d| = 0$ (B) $|e_d| = 1$

(C) $|e_d| = \infty$ (D) $|e_d| < 1$

At the point where the straight line demand curve cuts the $x$-axis, what is the value of elasticity of demand ?

(A) $|e_d| = 0$ (B) $|e_d| = 1$

(C) $|e_d| = \infty$ (D) $|e_d| < 1$

10. माँग वक्र का समीकरण $p \cdot q = e$ जहाँ $p$ मूल्य, $q$ मात्रा और $e$ स्थिर है। इस माँग वक्र का क्या आकार होगा ?

(A) नीचे की ओर झुका वक्र (B) आयताकार अतिपरवलय

(C) सीधी रेखा (D) उर्ध्वाधर रेखा

The equation of demand curve is $p \cdot q = e$ where $p$ is price, $q$ is quantity and $e$ is constant. What would be the shape of this demand curve ?

(A) Downward sloping curve (B) Rectangular hyperbola

(C) Straight line (D) Vertical line

11. अर्थव्यवस्था किसका उत्पादन करती है ?

(A) वस्तुओं का (B) सेवाओं का

(C) लाभ का (D) (A) और (B) दोनों

What does the economy produce ?

(A) Goods (B) Services

(C) Profit (D) Both (A) and (B)

12. मूल्य निर्धारण एवं उपभोक्ता व्यवहार का अध्ययन किस अर्थशास्त्र के अंतर्गत किया जाता है ?

(A) समष्टि अर्थशास्त्र (B) व्यष्टि अर्थशास्त्र

(C) अन्तरराष्ट्रीय अर्थशास्त्र (D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

Price determination and consumer behaviour is studied under **which economics ?**

(A) Macroeconomics

(B) Microeconomics

(C) International economics

(D) None of these

13. वर्ष 1929 से 1933 के बीच हर $n$ वाँ अमेरिका वासी में कितने बेरोजगार थे ?

(A) दूसरा (B) तीसरा

(C) चौथा (D) पाँचवाँ

Between the years 1929 and 1933, in every $n$th Americans ............... was unemployed.

(A) Second (B) Third

(C) Fourth (D) Fifth

14. पूँजीवादी देश में उत्पादन क्रियाकलाप किसके हाथों में होता है ?

(A) सरकार (B) मजदूरों

(C) पूँजीवादी उद्यमियों (D) इनमें से कोई नहीं

In a capitalist economy the production activities are in the hands of

(A) Government

(B) Workers

(C) Capitalist entrepreneurs

(D) None of them

15. अर्थव्यवस्था में उपभोक्ता संबंधी निर्णय किस क्षेत्रक द्वारा लिये जाते हैं ?

(A) पारिवारिक क्षेत्रक (B) सरकारी क्षेत्रक

(C) व्यापारिक क्षेत्रक (D) इनमें से कोई नहीं

In an economy decision regarding consumption is made by

(A) Household sector (B) Government sector

(C) Business sector (D) None of these

16. निर्यात में किसी देश द्वारा वस्तु

(A) विदेश से क्रय किया जाता है

(B) विदेश में विक्रय किया जाता है

(C) पूँजी देश में आमंत्रित किया जाता है

(D) इनमें से सभी



BiharboardQuestionpaper.com

In export by a country the goods

(A) are purchased from abroad
(B) are sold abroad
(C) capital is invited into the country
(D) all of these

17. उत्पादन के किस संसाधन के आय को लाभ कहते हैं ?

(A) श्रम (B) पूँजी
(C) भूमि (D) उद्यमी

The income of which factor of production is called profit ?

(A) Labour (B) Capital
(C) Land (D) Entrepreneur

18. किस देश में पूँजीवादी क्षेत्रक के अलावा राज्य भी अर्थव्यवस्था में भूमिका निर्वाह करती है ?

(A) विकसित देश (B) विकासशील देश
(C) (A) और (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

In which country, besides capitalist sector the state also plays a role in the economy ?

(A) Developed country (B) Developing country
(C) Both (A) and (B) (D) None of these

19. वह वस्तु जो अल्पकालिक उपभोग से नष्ट नहीं होती, क्या कहलाती है ?

(A) मध्यवर्ती वस्तु (B) अंतिम वस्तु
(C) टिकाऊ वस्तु (D) पूँजीगत वस्तु

What are the goods that are not destroyed by short term consumption called ?

(A) Intermediate goods (B) Final goods
(C) Durable goods (D) Capital goods

20. दोहरी गणना की समस्या में किस वस्तु की गणना दो बार हो जाती है ?

(A) अंतिम वस्तु (B) मध्यवर्ती वस्तु
(C) पूँजीगत वस्तु (D) टिकाऊ वस्तु



BiharboardQuestionpaper.com

In the problem of double counting, which good is counted twice ?

(A) Final good (B) Intermediate good

(C) Capital good (D) Durable good

21. जब बाजार पूर्ति बाजार माँग के बराबर हो, तो इस स्थिति को क्या कहते हैं ?

(A) संतुलन (B) अधिमाँग

(C) अधिपूर्ति (D) इनमें से कोई नहीं

When market supply is equal to market demand then this situation is called

(A) Equilibrium (B) Excess demand

(C) Excess supply (D) None of these

22. बिस्कुट का बाजार किस प्रकार का बाजार है ?

(A) एकाधिकार (B) एकाधिकारी प्रतिस्पर्धा

(C) अल्पाधिकार (D) पूर्ण प्रतियोगिता

What kind of market is market for biscuits ?

(A) Monopoly (B) Monopolistic competition

(C) Oligopoly (D) Perfect competition

23. संतुलन मूल्य से अधिक किसी मूल्य पर माँग ( $D$ ) की अपेक्षा पूर्ति ( $S$ ) क्या होगी ?

(A) $D > S$ (B) $D < S$

(C) $D = S$ (D) इनमें से कोई नहीं

At a price more than equilibrium price, what will be supply ( $S$ ) compared to demand ( $D$ )?

(A) $D > S$ (B) $D < S$

(C) $D = S$ (D) None of these

24. किस स्थिति में संतुलन कीमत तथा मात्रा में परिवर्तन की दिशा एक होती है ?

(A) जब माँग वक्र दाहिने शिफ्ट करता है

(B) जब पूर्ति वक्र दाहिने शिफ्ट करता है

(C) जब पूर्ति वक्र बायें शिफ्ट करता है

(D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

In which situation is the change in equilibrium price and quantity is in the same direction ?

(A) When demand curve shifts rightward

(B) When supply curve shifts rightward

(C) When supply curve shifts leftward

(D) None of these

25. राशन की दुकान में मिलने वाला गेहूँ किसका उदाहरण है ?

(A) उच्चतम निर्धारित कीमत का (B) निम्नतम निर्धारित कीमत का

(C) संतुलन कीमत का (D) इनमें से कोई नहीं

Wheat sold at ration shop is an example of

(A) Ceiling price (B) Minimum support price

(C) Equilibrium price (D) None of these

26. फर्मों का बाजार में प्रवेश और बहिर्गमन कब रुकेगा ?

(A) जब फर्में अधि-सामान्य लाभ अर्जित कर रही हों

(B) जब फर्में सामान्य लाभ अर्जित कर रही हों

(C) जब फर्मों को हानि हो रही हो

(D) इनमें से कोई नहीं

When will the entry and exit of firms in the market stop ?

(A) When firms are earning supernormal profit

(B) When the firms are earning normal profit

(C) When firms are experiencing loss

(D) None of these

27. निम्नतम निर्धारित कीमत नीति से किसकी समस्या उत्पन्न होती है ?

(A) अधिपूर्ति की (B) अधिमाँग की

(C) निम्न पूर्ति की (D) इनमें से कोई नहीं

The minimum support price policy gives rise to which problem ?

(A) Excess supply (B) Excess demand

(C) Low supply (D) None of these



BiharboardQuestionpaper.com

28. ऐसा बाजार जिसमें उपभोक्ता और फर्म दोनों कीमत स्वीकारकर्ता हों, क्या कहलाता है ?

(A) एकाधिकार (B) पूर्ण प्रतिस्पर्धा

(C) अल्पाधिकार (D) इनमें से कोई नहीं

What is the market where both consumer and firms are price takers called ?

(A) Monopoly (B) Perfect competition

(C) Oligopoly (D) None of these

29. दो विक्रेता किस प्रकार के बाजार की विशेष स्थिति है ?

(A) पूर्ण प्रतियोगिता (B) एकाधिकार

(C) अल्पाधिकार (D) इनमें से कोई नहीं

Two sellers is a special case of which type of market ?

(A) Perfect competition (B) Monopoly

(C) Oligopoly (D) None of these

30. एकाधिकारी प्रतिस्पर्धा किसके कारण उत्पन्न होती है ?

(A) सजातीय वस्तु के कारण (B) असजातीय वस्तु के कारण

(C) पूर्ण स्थानापन्न वस्तु के कारण (D) इनमें से कोई नहीं

For what reason does monopolistic competition arise ?

(A) Due to homogeneous good

(B) Due to non-homogeneous good

(C) Due to perfect substitute goods

(D) None of these

31. निम्न में कौन सेवाओं की श्रेणी में आता है ?

(A) जलपान गृह (B) बीमा

(C) कोचिंग (D) इनमें से सभी

Which of the following is under the category of services ?

(A) Canteen (B) Insurance

(C) Coaching (D) All of these

32. निम्न में कौन व्यक्ति वस्तुओं का उत्पादन कर रहा है ?

(A) अध्यापक (B) कवि

(C) खिलाड़ी (D) बुनकर



BiharboardQuestionpaper.com

Which of the following persons is producing goods ?

(A) Teacher (B) Poet

(C) Sportsman (D) Weaver

33. 'सीमित संसाधनों का विनिधान' क्या है ?

(A) किसी कंपनी की केन्द्रीय समस्या

(B) किसी व्यक्ति की केन्द्रीय समस्या

(C) अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्या

(D) इनमें से सभी

What is 'Allocation of limited resources' ?

(A) Central problem of a company

(B) Central problem of a person

(C) Central problem of economy

(D) All of these

34. निम्न में किसे आर्थिक लागत की संज्ञा दी गई है ?

(A) उत्पादन लागत (B) स्थिर लागत

(C) मौद्रिक लागत (D) आर्थिक लागत

Which of the following is termed as economic cost ?

(A) Production cost (B) Fixed cost

(C) Monetary cost (D) Economic cost

35. बाजार अर्थव्यवस्था में 'क्या उत्पादन किया जाए', इसका निर्णय कौन करता है ?

(A) योजना आयोग (B) बाजार तंत्र

(C) सरकार (D) इनमें से कोई नहीं

Who decides 'what to produce' in a market economy ?

(A) Planning commission (B) Market mechanism

(C) Government (D) None of these

36. 'बाजार' शब्द का आशय किससे है ?

(A) स्थान से जैसे चौक, स्थानीय बाजार आदि

(B) माध्यम जिसके द्वारा क्रेता-विक्रेता संपर्क में हों जैसे फोन

(C) ऑनलाइन शॉपिंग पोर्टल

(D) इनमें से सभी



BiharboardQuestionpaper.com

What do we mean by the word 'market' ?

(A) Place like a square, local market etc.

(B) Means by which the buyer and seller are in touch with each other like phone

(C) Online shopping portal

(D) All of these

37. भारत में कैसी अर्थव्यवस्था है ?

(A) मिश्रित अर्थव्यवस्था (B) योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था

(C) बाजार अर्थव्यवस्था (D) इनमें से कोई नहीं

What type of economy is in India ?

(A) Mixed economy (B) Planned economy

(C) Market economy (D) None of these

38. वस्तु की माँग-पूर्ति से उसके मूल्य का निर्धारण किसके अंतर्गत अध्ययन किया जाता है ?

(A) सकारात्मक अर्थशास्त्र (B) व्यष्टि अर्थशास्त्र

(C) आदर्शक अर्थशास्त्र (D) (A) और (B) दोनों

Under which of the following is the price determination of goods by demand and supply studied ? https://www.bsebstudy.com

(A) Positive economics (B) Microeconomics

(C) Normative economics (D) Both (A) and (B)

39. किस अर्थव्यवस्था में पूरी अर्थव्यवस्था की सुख समृद्धि के लिए संसाधनों का विनिधान होता है ?

(A) मिश्रित अर्थव्यवस्था (B) केन्द्रीकृत अर्थव्यवस्था

(C) पूँजीवादी अर्थव्यवस्था (D) इनमें से कोई नहीं

In which economy are the resources allocated for happiness and prosperity of the whole economy ?

(A) Mixed economy (B) Centralised economy

(C) Capitalist economy (D) None of these



BiharboardQuestionpaper.com

40. बजट रेखा के समीकरण $p_1x_1 + p_2x_2 = M$, में $p_1$, $p_2$ क्या हैं ?

(A) वस्तु 1 एवं वस्तु 2 के मूल्य (B) वस्तु 1 एवं वस्तु 2 की मात्रा

(C) उपभोक्ता की आय (D) इनमें से कोई नहीं

In the equation of budget line $p_1x_1 + p_2x_2 = M$, what are $p_1$, $p_2$ ?

(A) Prices of good 1 and good 2

(B) Quantities of good 1 and good 2

(C) Income of consumer

(D) None of these

41. निम्न में से किस चर को एक समयावधि के लिए परिभाषित किया जाता है ?

(A) आय (B) उपभोग

(C) निवेश (D) इनमें से सभी

Which of the following variables is defined for a time period ?

(A) Income (B) Consumption

(C) Investment (D) All of these

42. निम्न में से कौन अर्थव्यवस्था की पूँजी है ?

(A) भवन (B) कार्यालय का स्थान

(C) सड़क, सेतु, हवाई अड्डा (D) इनमें से सभी

Which of the following is capital of economy ?

(A) Building (B) Office place

(C) Road, bridge, airport (D) All of these

43. पूँजीगत वस्तुओं की नियमित टूट-फूट के समायोजन को क्या कहते हैं ?

(A) सकल निवेश (B) निवल निवेश

(C) मूल्य ह्रास (D) इनमें से कोई नहीं

What is the adjustment for routine wear and tear of capital goods called ?

(A) Gross investment (B) Net investment

(C) Depreciation (D) None of these

44. पूँजीगत वस्तुओं का क्रय कौन करता है ?

(A) उपभोक्ता (B) व्यापारी

(C) उद्यमी (D) इनमें से सभी



BiharboardQuestionpaper.com

Who purchases capital goods ?

(A) Consumer (B) Businessman

(C) Entrepreneur (D) All of them

45. किसी व्यक्ति के पास वस्तुओं को खरीदने की क्षमता किससे आती है ?

(A) पूँजी से (B) आय से

(C) भूमि से (D) इनमें से कोई नहीं

From where does a man get the ability to purchase goods ?

(A) From capital (B) From income

(C) From land (D) None of these

46. सरल अर्थव्यवस्था के आय के वर्तुल प्रवाह में उत्पादन के कारकों की माँग कौन करता है ?

(A) परिवार क्षेत्रक (B) व्यापार क्षेत्रक

(C) विदेश क्षेत्रक (D) इनमें से कोई नहीं

Who demands the factors of production in circular flow of income of simple economy ?

(A) Household sector (B) Business sector

(C) Foreign sector (D) None of these

47. अर्थव्यवस्था में परिवार क्षेत्रक द्वारा किए गए व्यय को क्या कहते हैं ?

(A) निवेश व्यय (B) उपभोग व्यय

(C) आयात व्यय (D) निर्यात व्यय

In an economy what is the expenditure made by household sector called ?

(A) Investment expenditure

(B) Consumption expenditure

(C) Import expenditure

(D) Export expenditure

48. फर्म उत्पादन प्रक्रम में कैसी वस्तुओं का उपभोग करती हैं ?

(A) कच्चा माल (B) मध्यवर्ती वस्तुएँ

(C) अंतिम वस्तुएँ (D) (A) और (B) दोनों



BiharboardQuestionpaper.com

What kind of goods does a firm consume during the process of production ?

(A) Raw material (B) Intermediate goods

(C) Final goods (D) Both (A) and (B)

49. सकल मूल्य वर्धित – $A$ = निवल मूल्य वर्धित, यहाँ $A$ क्या है ?

(A) मूल्य ह्रास (B) मूल्य वर्धित

(C) फर्म की बिक्री (D) इनमें से कोई नहीं

In Gross value added – $A$ = Net value added, what is $A$ ?

(A) Depreciation (B) Value added

(C) Sale of firm (D) None of these

50. मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद की गणना किन मूल्यों पर की जाती है ?

(A) वर्तमान कीमतों पर (B) आधार वर्ष कीमतों पर

(C) स्थिर कीमतों पर (D) इनमें से कोई नहीं

Nominal gross domestic product is measured at which prices ?

(A) At current prices (B) At base year prices

(C) At constant prices (D) None of these

51. यदि 2023 का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक तैयार किया जा रहा है जिसमें मूल्यों की तुलना 2010 के कीमतों से की जायेगी, तो 2023 एवं 2010 क्रमशः क्या हैं ?

(A) आधार वर्ष, चालू वर्ष (B) चालू वर्ष, चालू वर्ष

(C) चालू वर्ष, आधार वर्ष (D) आधार वर्ष, आधार वर्ष

If consumer price index for 2023 is being prepared in which prices would be compared with 2010 prices, then what are 2023 and 2010 respectively ?

(A) Base year, current year

(B) Current year, current year

(C) Current year, base year

(D) Base year, base year

52. वर्ष 2020 का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक तैयार करने में, किस वर्ष के मूल्य से तुलना की जायेगी ?

(A) वर्तमान वर्ष (B) आधार वर्ष

(C) 2023 (D) 1947



BiharboardQuestionpaper.com

For preparing consumer price index of 2020, the prices of which year would be used for comparison ?

(A) Current year (B) Base year

(C) 2023 (D) 1947

53. यदि किसी देश का सकल घरेलू उत्पाद उसके सकल राष्ट्रीय उत्पाद से अधिक हो तो विदेशों से प्राप्त निवल कारक आय क्या होगी ?

(A) ऋणात्मक (B) धनात्मक

(C) शून्य (D) इनमें से कोई नहीं

If a country's gross domestic product is greater than its gross national product then what would be the net factor income earned from abroad ?

(A) Negative (B) Positive

(C) Zero (D) None of these

54. निवल अप्रत्यक्ष कर = अप्रत्यक्ष कर – Z ?

(A) Z = प्रत्यक्ष कर (B) Z = उपादान

(C) Z = निगम कर (D) इनमें से कोई नहीं

Net Indirect Taxes = Indirect taxes – Z ?

(A) Z = Direct Taxes (B) Z = Factor

(C) Z = Corporation Tax (D) None of these

55. सस्ते दर पर रसोई गैस किसका उदाहरण है ?

(A) उपदान का (B) प्रत्यक्ष कर का

(C) अप्रत्यक्ष कर का (D) इनमें से कोई नहीं

Cooking gas ( LPG ) at lower rate is an example of

(A) Subsidy (B) Direct tax

(C) Indirect tax (D) None of these

56. निम्न में से किसकी विनिमय के माध्यम के रूप में सार्वभौमिक स्वीकार्यता है ?

(A) बंधपत्र (B) सोना

(C) भू-संपत्ति (D) विधिग्राह्य मुद्रा



BiharboardQuestionpaper.com

Which of the following means of exchange has universal acceptance ?

(A) Bond (B) Gold

(C) Land Asset (D) Legal tender

57. मूल्य वृद्धि से लेनदेन संव्यवहार के लिए मुद्रा की माँग में क्या परिवर्तन होगा ?

(A) बढ़ेगी (B) घटेगी

(C) स्थिर रहेगी (D) इनमें से सभी

What would be the change in demand for money for transaction purposes due to rise in prices ?

(A) Increase (B) Decrease

(C) Remain constant (D) All of these

58. भारतीय रिजर्व बैंक की मुद्रा की पूर्ति के वैकल्पिक मापों में M1 का कौन सही घटक है ?

(A) करेंसी नोट और सिक्के (CC)

(B) माँग जमा (DD)

(C) डाकघर बचत बैंक में बचत जमाएँ

(D) (A) और (B) दोनों

Of the alternative measures of supply of money by Reserve Bank of India which is the correct component of M1 ?

(A) Currency note and coins (CC)

(B) Demand deposits (DD)

(C) Savings deposit in post office savings bank

(D) Both (A) and (B)

59. आवधिक जमा किस खाते में रखा जाता है ?

(A) आवधि जमा खाता (B) बचत जमा खाता

(C) चालू जमा खाता (D) इनमें से कोई नहीं

Time deposits are kept in which account ?

(A) Term Deposit Account (B) Savings Deposit Account

(C) Current Account (D) None of these



BiharboardQuestionpaper.com

60. यदि करेंसी CU हो और जमा DD हो तो करेंसी जमा अनुपात क्या होगा ?

(A) CU/DD (B) DD/CU

(C) DD × CU (D) इनमें से कोई नहीं

If currency is CU and deposits is DD then what would be currency deposit ratio ?

(A) CU/DD (B) DD/CU

(C) DD × CU (D) None of these

61. प्रौद्योगिकीय प्रगति से फर्म की पूर्ति वक्र किस ओर शिफ्ट करेगी ?

(A) बायीं ओर (B) दाहिनी ओर

(C) ऊपर की ओर (D) इनमें से कोई नहीं

Due to technological progress, in which direction will a firm's supply curve shift ?

(A) Leftward (B) Rightward

(C) Upward (D) None of these

62. सीमांत लागत वक्र औसत परिवर्ती लागत वक्र को किस बिन्दु पर काटता है ?

(A) उच्चतम बिन्दु पर (B) न्यूनतमबिन्दु पर

(C) गिरते हुए खण्ड में (D) उठते हुए खण्ड में

The marginal cost curve cuts the average variable cost curve at which point ?

(A) Highest point (B) Minimum point

(C) In declining portion (D) In rising portion

63. निम्न में कौन वक्र अंग्रेजी अक्षर 'U' के आकार का होता है ?

(A) कुल स्थिर लागत वक्र (B) कुल लागत वक्र

(C) कुल परिवर्ती लागत वक्र (D) इनमें से कोई नहीं

Which of the following curves is of shape of English letter 'U' ?

(A) Total fixed cost curve

(B) Total cost curve

(C) Total variable cost curve

(D) None of these



BiharboardQuestionpaper.com

64. ($q$ इकाई उत्पादन पर कुल लागत) – ($q-1$ इकाई उत्पादन पर कुल लागत) = ?

(A) औसत लागत (B) सीमांत लागत

(C) स्थिर लागत (D) इनमें से कोई नहीं

( Total cost of $q$ units of output ) – ( Total cost of $q-1$ units of output ) = ?

(A) Average cost (B) Marginal cost

(C) Fixed cost (D) None of these

65. सीमान्त लागत वक्र एवं औसत लागत वक्र, दोनों किस आकार के होते हैं ?

(A) उल्टे 'U' आकार का (B) $x$-अक्ष के समांतर

(C) उल्टे 'S' आकार का (D) इनमें से कोई नहीं

Marginal cost curve and average cost curve, both are of which shape ?

(A) Inverted 'U' shaped (B) Parallel to $x$-axis

(C) Inverted 'S' shaped (D) None of these

66. यदि सभी आगतों में $t(t>1)$ गुनी वृद्धि होती है जिससे उत्पादन भी $t$ गुना बढ़ जाता है तो इसे क्या कहते हैं ?

(A) स्थिर पैमाने का प्रतिफल (B) वर्धमान पैमाने का प्रतिफल

(C) ह्रासमान पैमाने का प्रतिफल (D) इनमें से कोई नहीं

If all inputs are increased $t(t>1)$ times such that output also increases $t$ times then what is this called ?

(A) Constant returns to scale

(B) Increasing returns to scale

(C) Diminishing returns to scale

(D) None of these

67. कॉब-डगलस उत्पादन फलन $q = x_1^{\alpha} \times x_2^{\beta}$ में यदि $\alpha+\beta>1$, तो यह क्या दर्शाता है ?

(A) स्थिर पैमाने का प्रतिफल (B) वर्धमान पैमाने का प्रतिफल

(C) ह्रासमान पैमाने का प्रतिफल (D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

In Cobb-Douglass production function $q = x_1^{\alpha} \times x_2^{\beta}$, if $\alpha + \beta > 1$, then what does it show ?

(A) Constant returns to scale

(B) Increasing returns to scale

(C) Decreasing returns to scale

(D) None of these

68. निर्गत के शून्य स्तर पर कुल लागत = ?

(A) सीमांत लागत (B) स्थिर लागत

(C) कुल परिवर्ती लागत (D) इनमें से कोई नहीं

At zero level of output total cost = ?

(A) Marginal cost (B) Fixed cost

(C) Total variable cost (D) None of these

69. $\Delta$कुल लागत / $\Delta q$ = ?

(A) औसत लागत (B) सीमांत लागत

(C) कुल परिवर्ती लागत (D) इनमें से कोई नहीं

$\Delta$Total cost/$\Delta q$ = ?

(A) Average cost (B) Marginal cost

(C) Total variable cost (D) None of these

70. अल्पकाल औसत स्थिर लागत वक्र की ढाल क्या होती है ?

(A) ऋणात्मक (B) धनात्मक

(C) शून्य (D) इनमें से कोई नहीं

What is the slope of short run average fixed cost curve ?

(A) Negative (B) Positive

(C) Zero (D) None of these

71. सरकार आय के वितरण को बदलने के लिए क्या करती है ?

(A) धनी से अधिक कर (B) गरीबों पर अधिक खर्च

(C) सार्वजनिक वस्तुओं का प्रावधान (D) इनमें से सभी



BiharboardQuestionpaper.com

What does the government do to change the distribution of income ?

(A) More taxes from the rich

(B) More expenditure on the poor

(C) Provision of public goods

(D) All of these

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

72. पूँजीगत प्राप्तियों की सबसे मुख्य मद क्या है ?

(A) बाजार ऋण

(B) लघु बचतें

(C) सार्वजनिक उपक्रमों के शेयर की बिक्री से आय

(D) इनमें से कोई नहीं

Which is the most important head of capital receipts ?

(A) Public debt

(B) Small savings

(C) The income from the sale of shares of government enterprises

(D) None of these

73. राजकोषीय नीति का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

(A) निर्गत में वृद्धि (B) उच्च रोजगार स्तर प्राप्त करना

(C) आय में वृद्धि (D) इनमें से सभी

What is the main objective of fiscal policy ?

(A) Increase in output

(B) Achieve high level of employment

(C) Increase in income

(D) All of these

74. सरकारी व्यय गुणक क्या है ?

(A) $\frac{\Delta Y}{\Delta T} = \frac{-c}{1-c}$ (B) $\frac{\Delta Y}{\Delta G} = \frac{1}{1-c}$

(C) एक (D) इनमें से कोई नहीं

What is government expenditure multiplier ?

(A) $\frac{\Delta Y}{\Delta T} = \frac{-c}{1-c}$ (B) $\frac{\Delta Y}{\Delta G} = \frac{1}{1-c}$

(C) One (D) None of these



BiharboardQuestionpaper.com

75. संतुलित बजट गुणक का मान क्या है ?

(A) शून्य
(B) एक
(C) दो
(D) इनमें से कोई नहीं

What is the value of balanced budget multiplier ?

(A) Zero
(B) One
(C) Two
(D) None of these

76. निम्न में से किससे अगली पीढ़ी पर बोझ पड़ेगा ?

(A) व्यय से
(B) कर से
(C) ऋण से
(D) इनमें से सभी

Due to which of the following there would be burden on future generation ?

(A) Expenditure
(B) Tax
(C) Debt
(D) All of these

77. परिसंपत्तियों जैसे मुद्रा, स्टॉक, बंधपत्र आदि का क्रय-विक्रय का विवरण किस खाते में होता है ?

(A) चालू खाता
(B) पूँजी खाता
(C) आरक्षित खाता
(D) इनमें से कोई नहीं

The details of sales and purchases of assets like currency, stock bond etc. are kept in which account ?

(A) Current Account
(B) Capital Account
(C) Reserve Account
(D) None of these

78. विनिमय दर में मूल्य ह्रास से क्या घटेगा ?

(A) आयात
(B) निर्यात
(C) पूँजी निवेश
(D) इनमें से कोई नहीं

What will decrease due to exchange rate depreciation ?

(A) Import
(B) Export
(C) Capital investment
(D) None of these



BiharboardQuestionpaper.com

79. खुली अर्थव्यवस्था का संतुलन क्या होगा ?

(A) $Y = C + I$ (B) $Y = C + I + G$

(C) $Y = C + I + G + X - M$ (D) इनमें से कोई नहीं

What would be the equilibrium of open economy ?

(A) $Y = C + I$ (B) $Y = C + I + G$

(C) $Y = C + I + G + X - M$ (D) None of these

80. निम्न में कौन बड़ा है, खुली अर्थव्यवस्था का गुणक अथवा बंद अर्थव्यवस्था का गुणक ?

(A) खुली अर्थव्यवस्था का गुणक (B) बंद अर्थव्यवस्था का गुणक

(C) दोनों बराबर हैं (D) इनमें से कोई नहीं

Which is larger, the multiplier of open economy or the multiplier of closed economy ?

(A) Multiplier of open economy

(B) Multiplier of closed economy

(C) Both are equal

(D) None of these

81. अन्य आगत स्थिर हों तो किसी एक आगत के प्रयोग में वृद्धि की जाए तो सीमांत उत्पादन में क्या परिवर्तन होता है ?

(A) गिरावट आती है (B) वृद्धि होती है

(C) स्थिर रहती है (D) इनमें से कोई नहीं

If other inputs are constant then increase in use of one input causes what changes in marginal output ?

(A) It decreases (B) It increases

(C) It remains constant (D) None of these

82. दो आगतों के संयोगों का वह सेट जो समान निर्गत स्तर का उत्पादन करते हैं, क्या कहलाते हैं ?

(A) समोत्पाद वक्र (B) अनधिमान वक्र

(C) समलागत रेखा (D) इनमें से कोई नहीं

What is the set of combinations of two inputs which produces equal level of output called ?

(A) Isoquant curve (B) Indifference curve

(C) Isocost curve (D) None of these



BiharboardQuestionpaper.com

83. निम्न में किस आगत की मात्रा को दीर्घकाल में परिवर्तित किया जा सकता है ?

(A) श्रम (B) कच्चा माल

(C) मशीन (D) इनमें से सभी

Quantities of which of the following inputs can be varied in the long run ?

(A) Labour (B) Raw material

(C) Machine (D) All of these

84. सीमांत लागत वक्र औसत लागत वक्र को किस बिन्दु पर काटती है ?

(A) उच्चतम बिन्दु पर (B) न्यूनतम बिन्दु पर

(C) मध्य बिन्दु पर (D) इनमें से कोई नहीं

At which point does marginal cost curve cut the average cost curve ?

(A) At highest point (B) At lowest point

(C) At mid-point (D) None of these

85. परिवर्ती अनुपात के नियम में किसके अनुपात में परिवर्तन किया जाता है ?

(A) स्थिर एवं परिवर्ती आगतों के अनुपात में

(B) सीमांत और औसत उत्पादों के अनुपात में

(C) सीमांत और कुल उत्पादों के अनुपात में

(D) इनमें से कोई नहीं

In the law of variable proportion, which proportion is varied ?

(A) Proportion between fixed and variable inputs

(B) The ratio between marginal and average products

(C) The proportion between marginal and total products

(D) None of these

86. यदि उत्पादन के कारकों में $t$ गुना वृद्धि की जाए जिससे उत्पादन में भी $t$ गुना वृद्धि हो, त उसे क्या कहेंगे ?

(A) वर्धमान अनुमापी प्रतिफल (B) ह्रासमान अनुमापी प्रतिफल

(C) स्थिर अनुमापी प्रतिफल (D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

**G**

If there is an increase of $t$ times in factors of production as a result of which output increases $t$ times then what will this be called ?

(A) Increasing returns to scale

(B) Decreasing returns to scale

(C) Constant returns to scale

(D) None of these

87. जैसे-जैसे निर्गत में वृद्धि होती है, शुरू में अल्पकालीन सीमांत लागत वक्र में क्या परिवर्तन होता है ?

(A) वृद्धि होती है
(B) गिरावट आती है
(C) स्थिर रहती है
(D) इनमें से कोई नहीं

As the quantity of input increases, in the beginning what change takes place in the short run marginal cost curve ?

(A) Increases
(B) Declines
(C) Remains constant
(D) None of these

88. निम्न में से कौन समीकरण सही है ?

(A) औसत परिवर्ती लागत = $\frac{\text{कुल परिवर्ती लागत}}{\text{निर्गत}}$

(B) कुल परिवर्ती लागत = औसत परिवर्ती लागत × मात्रा

(C) औसत लागत = $\frac{\text{कुल लागत}}{q}$

(D) इनमें से सभी

Which of the following equations is correct ?

(A) Average variable cost = $\frac{\text{Total variable cost}}{\text{Output}}$

(B) Total variable cost = Average Variable Cost × Quantity

(C) Average cost = $\frac{\text{Total cost}}{q}$

(D) All of these

biharboardquestionpaper.com

89. निम्न में कौन वक्र, किस वक्र को उसके न्यूनतम बिन्दु पर काटता है ?

(A) सीमांत लागत वक्र कुल लागत वक्र को

(B) सीमांत लागत वक्र औसत लागत वक्र को

(C) सीमांत लागत वक्र स्थिर लागत वक्र को

(D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

Which of the following curves cuts which curve at its minimum point ?

(A) Marginal cost curve cuts Total cost curve

(B) Marginal cost curve cuts Average cost curve

(C) Marginal cost curve cuts Fixed cost curve

(D) None of these

90. फर्म की कुल संप्राप्ति एवं कुल लागत का अंतर क्या है ?

(A) सीमांत लागत (B) औसत परिवर्ती लागत

(C) न्यूनतम औसत लागत (D) लाभ

What is the difference between firm's total revenue and total cost ?

(A) Marginal cost (B) Average variable cost

(C) Minimum average cost (D) Profit

91. बैंक के जमा पर ब्याज की दर की अपेक्षा ऋण पर ब्याज की दर क्या होती है ?

(A) अधिक होती है (B) बराबर होती है

(C) कम होती है (D) इनमें से कोई नहीं

As compared to the rate of interest on deposits in bank, the rate of interest on loans is

(A) more (B) equal

(C) less (D) none of these

92. यदि रिजर्व बैंक को उच्च शक्तिशाली मुद्रा में वृद्धि करनी है तो वह क्या करेगा ?

(A) सरकारी प्रतिभूतियों का क्रय करेगा

(B) सरकारी प्रतिभूतियों का विक्रय करेगा

(C) नकद आरक्षित अनुपात में वृद्धि करेगा

(D) इनमें से कोई नहीं

What will the Reserve Bank do if it wants to increase high powered money ?

(A) Will purchase government securities

(B) Will sell government securities

(C) Will increase cash reserve ratio

(D) None of these



BiharboardQuestionpaper.com

93. उपभोग फलन $C=\overline{C}+cY$ में $c$ क्या है ?

(A) $\frac{\Delta C}{\Delta Y}$
(B) न्यूनतम जीवन यापन उपभोग
(C) स्वायत्त उपभोग
(D) इनमें से सभी

In consumption function $C=\overline{C}+cY$, what is $c$ ?

(A) $\frac{\Delta C}{\Delta Y}$
(B) Minimum subsistence consumption
(C) Autonomous consumption
(D) All of these

94. निम्न में कौन भौतिक पूंजी स्टॉक नहीं है ?

(A) मशीन
(B) भवन
(C) सड़क
(D) फल

Which of the following is not physical capital stock ?

(A) Machine
(B) Buildings
(C) Roads
(D) Fruits

95. $Y=\overline{C}+\overline{I}+G+c\ (Y-\overline{I})$ में कौन-कौन स्वायत्त पद हैं ?

(A) $\overline{C}$
(B) $\overline{I}$
(C) $G$
(D) इनमें से सभी

In $Y=\overline{C}+\overline{I}+G+c\ (Y-\overline{I})$, which of the following is autonomous term ?

(A) $\overline{C}$
(B) $\overline{I}$
(C) $G$
(D) All of these

96. उपभोग फलन $C=\overline{C}+cY$ में $c$ का क्या मान होता है ?

(A) शून्य से अधिक
(B) एक के बराबर
(C) एक से कम
(D) इनमें से सभी

What is the value of $c$ in consumption function $C=\overline{C}+cY$?

(A) More than zero
(B) Equal to one
(C) Less than one
(D) All of these



BiharboardQuestionpaper.com

**G**

97. यदि सीमांत उपभोग प्रवृत्ति एक हो तो गुणक का मान क्या होगा ?

(A) शून्य (B) 1

(C) 1000 (D) असीम

If the marginal propensity to consume is equal to one then what would be the value of multiplier ?

(A) Zero (B) 1

(C) 1000 (D) Infinite

98. प्रभावी माँग सिद्धांत में 45° रेखा क्या दर्शाती है ?

(A) $Y = AD$ (B) $AD = AS$

(C) बाजार संतुलन रेखा (D) इनमें से सभी

In the theory of effective demand theory what does 45° line show ?

(A) $Y = AD$ (B) $AD = AS$

(C) Market equilibrium line (D) All of these

99. यदि सीमांत बचत प्रवृत्ति बढ़ जाती है तो बचत की मात्रा में क्या परिवर्तन होगा ?

(A) बढ़ेगी (B) स्थिर रहेगी

(C) घटेगी (D) इनमें से कोई नहीं

If the marginal propensity to save increases then what would happen to quantity of savings ?

(A) Would increase (B) Would remain constant

(C) Would decrease (D) None of these

100. जिन परिवर्तों की परिभाषा एक निश्चित काल बिन्दु पर की जाती है क्या कहलाती हैं ?

(A) स्टॉक चर (B) प्रवाह चर

(C) स्थिर चर (D) इनमें से कोई नहीं

What are the variables which are defined at a particular point of time called ?

(A) Stock variables (B) Flow variables

(C) Constant variables (D) None of these



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड - ब / SECTION - B

### लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

प्रश्न संख्या 1 से 30 लघु उत्तरीय हैं । किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक उत्तर 40 - 50 शब्दों में लिखें : $15 \times 2 = 30$

*Question Nos. 1 to 30 are Short Answer Type. Answer any 15 questions. Each question carries 2 marks. Write your answers in 40 - 50 words each :* $15 \times 2 = 30$

1. दो-क्षेत्रक अर्थव्यवस्था में संतुलन की क्या शर्त्त है ? 2

   What are the conditions for equilibrium of two-sector economy ?

2. ऋण के बोझ से आप क्या समझते हैं ? 2

   What do you understand by burden of debt ?

3. राजस्व घाटा क्या है ? 2

   What is revenue deficit ?

4. पूर्ण प्रतिस्पर्धी फर्म को कीमत स्वीकारक क्यों कहा जाता है ? 2

   Why is perfectly competitive firm called price taker ?

5. बाजार संतुलन को चित्रित कीजिए। 2

   Draw the market equilibrium.

6. एकाधिकार बाजार की दो विशेषताओं का संक्षेप में वर्णन करें। 2

   Describe two characteristics of a monopoly market in brief.

7. पूरक वस्तु क्या है ? उदाहरण दें। 2

   What is complementary good ? Give examples.

8. ऐसा माँग वक्र चित्रित करें जिसके कीमत माँग की लोच $e = 1$ हो। 2

   Draw a demand curve whose price elasticity of demand $e = 1$.

9. माँग की कीमत लोच क्या है ? 2

   What is price elasticity of demand ?

10. लेन-देन के लिए मुद्रा की माँग का समीकरण लिखें। 2

    Write the equation for transactionary demand for money.



BiharboardQuestionpaper.com

11. माँग जमा को परिभाषित करें। 2

Define demand deposit.

12. बैंक किसी व्यक्ति को किस प्रक्रिया द्वारा ऋण देता है ? 2

By which process does bank provide loan to a person ?

13. ह्रासमान सीमांत उत्पादकता नियम को बतायें। 2

State the law of diminishing marginal productivity.

14. औसत परिवर्ती लागत वक्र चित्रित करें। 2

Draw average variable cost curve.

15. किसी प्रतिस्पर्धी फर्म की कीमत रेखा को चित्र द्वारा दर्शायें। 2

Show the price line of a competitive firm with the help of diagram.

16. क्या प्राकृतिक संपदा से संपन्न देश ही धनी होता है ? 2

Is a country rich in natural resources prosperous ?

17. दो स्टॉक चरों एवं दो प्रवाह चरों के नाम लिखें। 2

Write the names of two stock variables and two flow variables.

18. निवेश से आप क्या समझते हैं ? इसके कितने प्रकार होते हैं ? 2

What do you understand by investment ? How many types of investment are there ? biharboardquestionpaper.com

19. अर्थशास्त्र में भूमि से आप क्या समझते हैं ? 2

What do you understand by land in economics ?

20. अर्थशास्त्र में प्राकृतिक संसाधनों के क्या उपयोग हैं ? 2

What are the uses of natural resources in economics ?

21. वैश्विक महामंदी में क्या हुआ था ? 2

What happened during global depression ?

22. विनिमय दर को रुपया और डालर के संदर्भ में परिभाषित करें। 2

Define exchange rate in terms of rupee and dollar.

23. व्यापार घाटा से आप क्या समझते हैं ? 2

What do you understand by trade deficit ?



BiharboardQuestionpaper.com

24. खुली अर्थव्यवस्था से आप क्या समझते हैं ? 2

What do you understand by open economy ?

25. बजट रेखा को परिभाषित करें। 2

Define budget line.

26. उपभोक्ता अनधिमान वक्र को चित्रित करें। 2

Draw consumer indifference curve.

27. माँग फलन क्या है ? 2

What is demand function ?

28. बाजार अर्थव्यवस्था की दो विशेषताओं को संक्षेप में लिखिए। 2

Write in brief two characteristics of market economy.

29. उत्पादन संभावना वक्र क्या दर्शाता है ? 2

What does production possibility curve show ?

30. सकारात्मक आर्थिक विश्लेषण से आपका क्या अभिप्राय है ? 2

What do you mean by positive economic analysis ?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 31 से 38 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं । किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित है। अपना उत्तर प्रत्येक 100 - 120 शब्दों में दें :* **4 × 5 = 20**

*Question Nos. 31 to 38 are Long Answer Type. Answer any 4 questions. Each question carries 5 marks. Answer in 100 - 120 words each :* **4 × 5 = 20**

31. क्या सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि जन कल्याण में सुधार को दर्शाता है ? व्याख्या करें। 5

Does increase in gross domestic product show an improvement in public welfare ? Explain. biharboardquestionpaper.com

32. मुद्रा के प्रमुख कार्य क्या-क्या हैं ? उदाहरण के साथ लिखें। 5

What are the important functions of money ? Write with examples.

33. मितव्ययिता के विरोधाभास की व्याख्या कीजिए। 5

Explain paradox of thrift.



BiharboardQuestionpaper.com

34. सरकारी घाटे और सरकारी ऋण में क्या संबंध है ? व्याख्या कीजिए। 5

What is the relationship between government deficit and government debt ? Explain.

35. अनधिमान वक्र के द्वारा उपभोक्ता संतुलन को दर्शायें। 5

Show consumer's equilibrium with the help of indifference curve.

36. कुल लागत, सीमांत लागत एवं औसत लागत को चित्रों द्वारा दर्शायें। 5

Show total cost, marginal cost and average cost with the help of diagrams.

37. एक प्रतिस्पर्धी फर्म के लाभ अधिकतमीकरण को चित्र द्वारा स्पष्ट करें। 5

Clarify profit maximization of a competitive firm with the help of diagram.

38. निम्नतम निर्धारित कीमत की नीति को चित्र द्वारा दर्शायें। 5

Show the minimum support price policy with the help of diagram.

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..



BiharboardQuestionpaper.com